हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

06 टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा, किसान खुले ...


07 नेवज नदी पर पूर्णता की ओर 38 पिलर पर खड़ा 1.2...




## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक रविवार को

**सीहोर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की आयोजन आगामी 25 जनवरी रविवार को शहर के बढ़ियाखेड़ी स्थित जमुनाकुंज में बैठक का आयोजन चार बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन सीहोर यूनिट के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल, आरएस वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा ने बताया कि रविवार को आयोजित बैठक में भारत सरकार एवं बैंक द्वारा पेंशनरधारियों को दी जानी नर्व सुविधाओं से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक का एजेंडा एसोसिएशन के नए सदस्यों का स्वागत, साइबर ठगी पर जानकारी उपलब्ध कराना, नवीन जानकारी के अलावा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुतिकरण, वार्षिक सहयोग राशि आदि पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाम चार बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन की ईकाई के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की।

### 26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में सीहोर जिले की सभी 71 कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-3 होटल बार, एफएल-3'क' रिसोर्ट बार, गोदाम एवं देशी मद्य भण्डागार बंद रहेंगे।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज इछावर पहुंचेंगे

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे इछावर पहुंचेंगे और इछावर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### तीन एफआईआर कोतवाली में तो एक आष्टा थाने में दर्ज, जिला अध्यक्ष गुजराती बोले: यह तो खुली अराजकता है

# सियासत में एफआईआर का खेल, 5 महीने में 9 कांग्रेसियों पर अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

भाजपा का मजबूत किला होने के बावजूद विपक्षी यानी कांग्रेसी जिले में पूरी तरह से सक्रिय मोड में आ गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भले ही अभी कोई चुनाव न हो, लेकिन राजनीति चरम पर है। हालांकि इस सियासत में आरोप-प्रत्यारोप, धरना प्रदर्शन से ज्यादा एफआईआर चर्चा में बनी हुई है। पिछले 5 महीनों के घटनाक्रम पर नजर डालें तो सितंबर 2025 से लेकर 21 जनवरी के बीच जिले के 9 कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या यह कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता को रोकने की कोशिश है या भाजपा के अभेद्य किले में सेंध लगाने की छटपटाहट।

बता दें कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज होने की शुरुआत सितंबर महीने की पहली तारीख को हुई थी। भाजपा कार्यकर्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माताजी पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंकने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। पुलिस ने बीच-बचाव तो किया, लेकिन भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और विधायक सुदेश राय की मौजूदगी में कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

#### साल की शुरुआत से ही एफआईआर

इधर साल 2026 की शुरुआत ही कांग्रेस के लिए कानूनी चुनौतियों भरी रही। महज 15 दिनों के भीतर तीन बड़े मामले सामने आए, जिनमें एफआईआर दर्ज हुई। सबसे पहली एफआईआर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के भाई पर दर्ज हुई। दरअसल, हाऊसिंग बोर्ड में पेयजल, ब्रिज समस्या को लेकर अभिषेक गुजराती के मुखर होने पर एफआईआर दर्ज हुई। इसी तरह 9 जनवरी को शासकीय पीजी कॉलेज (प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज) में स्टाफ की शिकायत पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया, यश यादव और तनिश त्यागी पर एफआईआर हुई।

#### पार्षद सहित 4 पर एफआईआर

इधर एक दिन पहले जिले के आष्टा में भाजपा नेत्री संध्या बजाज की शिकायत पर वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद मेहमूद शाह सहित चार कार्यकर्ताओं डंगू उर्फ वाहिद, हलीम शाह, कल्लू पर अभद्रता का मामला दर्ज हुआ। विवाद मतदान केंद्र पर आपत्ति फॉर्म जमा करने के दौरान हुआ था।

#### भाजपा का अभेद्य किला है जिला

बता दें जिला लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा विधायक काबिज हैं। जिले की इछावर विधानसभा सीट से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा पिछले 40 सालों से विधायक हैं, इस दौरान महज एक कार्यकाल में कांग्रेस काबिज हुई। इसी तरह सीहोर विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस करीब 35-40 सालों से तरस रही है। बुदनी सीट भी भाजपा का अभेद्य किला मानी जाती है। इसी तरह आष्टा भी लंबे समय से भाजपा के ही खाते में है।

#### यह तो खुली अराजकता है

कांग्रेसियों पर हो रही एफआईआर को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह पूरी तरह अराजकता है। हमारे कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर टारगेट किया जा रहा है। मेरे भाई अभिषेक पाटीदार पर भी केस दर्ज किया गया। अगर एनएसयूआई कार्यकर्ता समस्याओं के लिए प्राचार्य के पास नहीं जाएंगे तो कहां जाएंगे, एसआईआर पर अगर किसी को आपत्ति है तो वह बीएलओ के पास ही जाएगा, लेकिन भाजपा डराने के लिए एफआईआर का सहारा ले रही है।

#### विपक्ष भी आर-पार के मूड में

भाजपा का मजबूत किला होने के बावजूद विपक्षी यानी कांग्रेसी जिले में पूरी तरह से सक्रिय मोड में आ गई है। धरना, आंदोलन और प्रदर्शनों के जरिए कांग्रेस आमजनों के बीच पहुंच रही है। कांग्रेस की सक्रियता का यह परिणाम रहा कि बीते साल हुए बुदनी विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा को 90 हजार मतदाताओं का नुकसान उठाना पड़ा।

## भीमकोठी के जंगल में बाघ की संदिग्ध मौत, वन विभाग की टीम मौके पर



**बुधनी।** बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत भीमकोठी के जंगल में गुरुवार को एक बाघ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाघ के शव की सूचना मिलते ही मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई, जिसके बाद बुधनी वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर डीएफओ सहित डॉक्टरों की विशेष टीम को बुलाया गया, जहां बाघ के शव का परीक्षण किया जा रहा है। वन विभाग ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

बुधनी वन परिक्षेत्र अधिकारी रजित द्विवेदी ने बताया कि डॉक्टरों की टीम बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की मौजूदगी में बाघ का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार बाघ का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वन विभाग द्वारा सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है, ताकि बाघ की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।

## वार्ड 30 में गंदे पानी पर घमासान, दावों और विरोध के बीच खुद हकीकत देखने पहुंच गए नपा सीएमओ

### पार्षद समर्थकों ने जिसे बताया था अफवाह, मौके पर उसी दूषित पानी को देख दंग रह गए अधिकारी




**सीहोर।** शहर के वार्ड क्रमांक 30 में पिछले कई दिनों से चल रही वॉटर पॉलिटिक्स और दूषित पानी की समस्या गुरुवार को उस समय निर्णायक मोड़ पर आ गई, जब नगर पालिका सीएमओ स्वयं मौके पर मुआयना करने पहुंचे। यहां रहवासियों ने उन्हें नलों से आता बदबूदार और गंदा पानी दिखाकर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

गुरुवार को जब सीएमओ सुधीर कुमार सिंह वार्ड 30 का जायजा लेने पहुंचे तो वहां का नजारा दिलचस्प था। नागरिकों ने सीएमओ को अपने बीच पाकर पहले तो पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया, जिसके बाद उन्हें नलों के पास ले जाकर कहा 'साहब, यह देखिए क्या यह पानी पीने लायक है। कांग्रेस नेता आजम लाला ने मौके पर मौजूद रहकर अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

#### एक पखवाड़े से चला आ रहा पानी विवाद

बता दें वार्ड क्रमांक 30 में बीते एक पखवाड़े से पानी विवाद गहराया हुआ है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के घटनाक्रम के बाद शहर के वार्ड क्रमांक 30 में पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे आजम लाला के नेतृत्व में रहवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने इंदौर की घटना का हवाला देते हुए चेतावनी दी थी कि दूषित पानी से महामारी फैल सकती है, क्योंकि कई लोग पहले ही पेट दर्द और उल्टी-दस्त का शिकार हो रहे हैं।

#### पार्षद पक्ष ने किया था पलटवार

इस शिकायत के जवाब में पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान के समर्थकों और कस्बे के कुछ बड़े नेताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित कर उनका साफा बांधकर अभिनंदन किया था। समर्थकों ने गंदे पानी की खबरों को 'झूठी अफवाह' करार देते हुए दावा किया था कि वार्ड में पर्याप्त जल स्रोत हैं और यह केवल राजनीति है।


#### पार्षद प्रतिनिधि ने किया था स्वीकार

इस स्वागत समारोह के बाद आजम लाला ने पार्षद प्रतिनिधि को ही वार्ड की गलियों में बुला लिया। प्रत्यक्ष प्रमाणों के सामने पार्षद प्रतिनिधि को भी यह मानना पड़ा कि पाइपलाइन में तकनीकी खामी है और पानी वाकई गंदा आ रहा है। इधर गुरुवार को वार्ड क्रमांक 30 में पहुंचे सुधीर कुमार सिंह ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही तकनीकी खराबी को दूर किया जाएगा।

## आस्था का महासंगम, तीन जिलों से उमड़ा जनसैलाब, देवधर्मी दरबार में गूंजे जयकारे

**सीहोर।** ग्राम चंदेरी इन दिनों आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में पूरी तरह रंगा हुआ है। यहां चल रहे भव्य धार्मिक आयोजन में सीहोर सहित भोपाल और शाजापुर जिले से हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े हैं। दूर-दराज से आए भक्त देवधर्मी की गादी पर पहुंचकर माथा टेक रहे हैं और अपनी मन्नतें लेकर दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल है, हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।

इस पावन अवसर पर गांव के समाजसेवी एवं किसान एमएस मेवाड़ा ने सभी पंडाओं का पुष्पहार और शॉल पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने देवताओं से आशीर्वाद लिया और आयोजन को ऐतिहासिक बताया। मेवाड़ा ने कहा कि चंदेरी के इतिहास में यह पहला अवसर है जब तीन जिलों से इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ पहुंचे हैं। यह आयोजन गांव के लिए गर्व का



विषय है और आस्था की शक्ति को दर्शाता है। देवधर्मी के इस दिव्य दरबार में विभिन्न स्थानों से आए 30 से अधिक पंडा शामिल हुए हैं। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक चलने वाले इस धार्मिक दरबार में श्रद्धालु अपनी समस्याओं, मनोकामनाओं और सुख-शांति की कामना लेकर पहुंच रहे हैं। कोई संतान सुख की मन्नत मांग रहा है तो कोई रोजगार, स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली के लिए देवताओं से प्रार्थना कर रहा है। आस्था का यह दृश्य ऐसा है कि गांव की गलियां भक्तों से भरी नजर आ रही हैं। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सभी श्रद्धा भाव से देवधर्मी की गादी पर शीश नवाने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस दरबार में आने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चंदेरी में लगा यह धार्मिक मेला सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह समाज को जोडऩे और एकता का संदेश देने वाला आयोजन बन गया है। तीन जिलों से उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि आज भी लोगों के दिलों में आस्था जीवित है और देवधर्मी के दरबार पर अटूट विश्वास कायम है। इस मौके पर मध्य प्रदेश शासन के प्रदूषण बोर्ड भोपाल के कमिश्नर श्रीनिवास द्विवेदी साहब द्वारा भी ₹1100 की दान दक्षिणा कर ईश्वर भगवान देव धर्मी बाबा का आशीर्वाद दिया।

## जिला स्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेले में दी अपने मनमोहक गीतों की प्रस्तुति

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेला–2026 आयोजित किया गया। इस मेले में प्रदेश के सभी जिलों से आए विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों की खेलकूद, गायन एवं अनेक प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, अस्थिबाधित एवं बौद्धिक दिव्यांग बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उप संचालक



एवं संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार ने बताया कि जिला स्तरीय दिव्यांग मेले में सीहोर जिले में अस्थि बाधित दिव्यांग बालक जीत तोनगरे और दृष्टिबाधित बालिका कशफना ने अपने गीतों की मनमोहक प्रस्तुती दी।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रमुख सचिव सोनाली पोक्षे वायंगणकर, उपसचिव अंकिता धाकरे एवं आयुक्त डॉ अजय खेमरिया ने इन बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुति पर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान सीहोर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी की है: प्रिंस राठौर

# जलभराव की समस्या से मिलेगी मुक्ति, 11 लाख की लागत से किया जाएगा नाली का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के अनेक वार्डों में नालियों के निर्माण के साथ-साथ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक 25 में जल भराव की समस्या को लेकर 11 लाख की लागत से बनाई जाने वाली नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन कराया। इस मौके पर वार्ड के पार्षद मुकेश मेवाड़ा ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत लुनियापुरा चौराहे से आरके पैलेस तक जाने वाले मार्ग पर जल भराव की समस्या को



देखते हुए नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड की सड़कों की समस्या और पेयजल आदि समस्या का आवश्यकता अनुसार समाधान किया जा रहा है।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से पेयजल आदि की समस्या के विषय पर चर्चा भी की। शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या पालिका की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है; इसमें कूड़ा सही जगह फेंकना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, पौधा रोपण करना और सामुदायिक सफाई अभियानों में हिस्सा लेना जैसे कार्य शामिल हैं, जिससे हमारा शहर साफ, स्वस्थ और सुंदर बन सके। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड के पार्षद मुकेश मेवाड़ा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम, नरेन्द्र राजपूत, लोकेन्द्र वर्मा के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## बालिकाओं के लिए 3 दिवसीय कौशल विकास व कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 24 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जावर में बालिकाओं के तीन दिवसीय कौशल विकास एवं कैरियर कउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देना, बाल विवाहों की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाना और मेधावी बालिकाओं को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मैधावी बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया।



### 19 अप्रैल से सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**सीहोर।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। तैयारियां पूर्ण हो गई है।

## खबर संक्षेप

### जब्तशुदा एवं राजसात वाहनों की हुई नीलामी

**सीहोर।** सीहोर जिले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, कलेक्टर न्यायालय द्वारा राजसात तथा पूर्व नीलामी से शेष रहें वाहनों के पुनः नीलामी की कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि नीलामी में राजसात वाहनों की नीलामी के लिए 28 टेंडर फार्म विक्रय किए गए और 8400 रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई। राजसात वाहनों की पुनः नीलामी की कार्यवाही में कुल 09 वाहनों के आरक्षित मूल्य 2,42,000 रूपये के विरुद्ध 08 वाहनों के स्वीकृत उच्चतम टेंडर ऑफर के रूप में कुल 4,72,234 रूपये की राशि प्राप्त हुई है। जो कि आरक्षित मूल्य से 95.13 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार नीलामी की संपूर्ण कार्यवाही में कुल 4,80,634 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई है। नीलामी की कार्यवाही के दौरान टेंडर समिति के अध्यक्ष एवं संयुक्त कलेक्टर जमील खान, उपेन्द्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी रीतेश तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर सहित सभी टेंडर दाता एवं आबकारी विभाग का स्टाफ उपस्थित थे।

### ग्राम मोगराफूल व बिजोरी में ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम पंचायत मोगराफूल एवं बिजोरी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय द्वारा ग्रामवासियों को सरकार के दो वर्ष में की गई गतिविधियों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सरपंच द्वारा ग्राम में की जा रही विकास गतिविधियों के बारे में विस्तार बताया गया। विकासखंड समन्वयक श्री प्रदीप सेंगर द्वारा समरसता, स्वावलंबी और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मधुमेह का सही समय पर उपचार संभव

**सीहोर।** मधुमेह एक ऐसी बीमार है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। यह बीमारी सीडेंटरी लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी फूड खाने एवं आनुवांशिक भी होती है। धीरे-धीरे मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह की सही समय पर पहचान उसके उपचार व जागरूकता के माध्यम से रोगियों की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से रोगियों का उपचार किया जा सकता हे। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मधुमेह के उपचार के लिए रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। बार-बार पेशाब आना, वजन का घटना या भूख कम लगना, बहुत ज्यादा प्यास लगना, कमजोरी तथा थकान होना इत्यादि मधुमेह के मुख्य लक्षण है।


## कृषि ऊपज मंडी बनी अव्यवस्था और नशाखोरी का केंद्र, जिम्मेदार साधे मौन

# टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा, किसान खुले आसमान के नीचे बेचने को मजबूर

### मंडी में अव्यवस्थाओं के कारण आए दिन होते हैं विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा





किसानों के हितों की रक्षा और उनकी उपज के सुचारु क्रय-विक्रय के लिए स्थापित की गई नगर की कृषि ऊपज मंडी भैरुंदा आज खुद बदहाली और अव्यवस्था का शिकार हो चुकी है। मंडी परिसर में फैली अव्यवस्थाओं ने न केवल किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की भी तस्वीर साफ तौर पर सामने ला दी है। मंडी प्रांगण में बनाए गए टीन शेड, जिनका उद्देश्य किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने की सुविधा देना था, उन पर अब व्यापारियों ने कब्जा जमा लिया है। इन शेडों में खरीदी गई ऊपज को बोरों में भरकर अवैध रूप से संग्रहित किया जा रहा है। नतीजतन, किसान अपनी उपज रखने के लिए जगह से वंचित हैं और उन्हें खुले आसमान के नीचे फसल रखने को मजबूर होना पड़ रहा है। मौसम के बदलते मिजाज और बारिश की आशंका के चलते किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। मंडी परिसर में जगह-जगह ऊपज बिखरी होने से तौल कांटों तक वाहनों की पहुंच भी बाधित हो रही है। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घंटों तक इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि परिवहन और मजदूरी का अतिरिक्त बोझ भी किसानों पर पड़ रहा है। स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। मंडी में बने शौचालय अब नशाखोरी का अड्डा बन चुके हैं। शौचालयों के अंदर और आसपास देशी-विदेशी शराब की खाली बोतलें और क्वार्टर पड़े मिलना आम बात हो गई है। यह दृश्य स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। साथ ही, यह भी दर्शाता है कि मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। हैरानी की बात यह है कि मंडी में करीब 24 सुरक्षाकर्मी तैनात होने के बावजूद चोरी और अव्यवस्था की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि जब सुरक्षा कर्मी मौजूद हैं, तो फिर नशाखोरी और चोरी जैसी गतिविधियां कैसे फल-फूल रही हैं। इधर, नवीन कृषि ऊपज मंडी राला के पारदीपुरा क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। दूर-दराज से आने वाले किसानों के लिए यहां न तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है और न ही शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं। खासकर बुजुर्ग किसानों और महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नवीन टीन शेड से लगी जमीन पर हार्ड मटेरियल डाले जाने से वाहनों के टायर बार-बार पंचर हो रहे हैं। कई किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानियां और बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो इसका सीधा नुकसान अन्नदाता को ही भुगतना पड़ेगा। किसानों ने टीन शेड से अवैध कब्जा हटाने, शौचालयों की नियमित सफाई, नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। इस मामले में एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने बताया कि सभी व्यापारियों को निर्देशित किया जाएगा। टीन शेड में रखी ऊपज को लेकर नोटिस जारी कर उन्हें खाली कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंडी सचिव को निर्देश दिए गए हैं तथा नशाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## वीआईटी विश्वविद्यालय ने सामुदायिक कल्याण के लिए दिया योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आज सीहोर जिले के लसुड़यि खास ग्राम को 10 सीमेंट की कुर्सियाँ दान कीं, और यह शंकर विश्वनाथन, वाईस प्रेसीडेंट, वीआईटी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के तहत दिया गया, यह पहल सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह दान ग्राम के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से किया गया है, जिससे स्थानीय समुदाय को सहयोग मिल सके। यह पहल जमीनी स्तर पर आवश्यक जरूरतों को पूरा करने तथा आसपास के गांवों के कल्याण में योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाती है। ग्राम में सुविधाओं के उन्नयन के माध्यम से सामूहिक अवसरों के दौरान ग्रामीणों को अधिक सुविधा और आराम उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। आशा है कि यह योगदान समुदाय की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करेगा तथा समग्र सामुदायिक कल्याण में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से वीआईटी विश्वविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास और समावेशी प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करता आ रहा है। विश्वविद्यालय ग्रामीण समुदायों के साथ निकटता से कार्य कर सार्थक एवं दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव सृजित करने का प्रयास करता है। विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक सहभागिता में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्नत भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से विश्वविद्यालय ग्रामीण समुदायों के साथ साझेदारी कर सतत विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

## लाड़कुई मंडल में हिंदू सम्मेलन व कलश यात्रा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला के तहत लाड़कुई मंडल में आज बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य हिंदू सम्मेलन एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।कलश यात्रा प्रातः 10 बजे श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल लंगर मैदान (बस स्टैंड के पीछे) पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। यात्रा के दौरान धार्मिक जयघोष और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहेगा।सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगी। इस अवसर पर संत, कथावाचक एवं वक्ता धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 'एक संग, एक पंगत' की भावना के साथ हजारों श्रद्धालु सामूहिक भोजन (भंडारे) में सहभागी होंगे।आयोजन समिति के अनुसार इस कार्यक्रम की तैयारियां बीते एक माह से चल रही थीं। इस दौरान रात्रिकालीन राम संकीर्तन यात्रा, सुंदरकांड पाठ जैसे धार्मिक आयोजन किए गए। लाड़कुई मंडल के अंतर्गत आने वाले 10 गांवों में घर-घर जाकर पीले अक्षत एवं भारत माता के चित्र देकर नागरिकों को आमंत्रित किया गया।आयोजन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश देना है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## अमर शहीद हेमू कलाणी की पुण्यतिथि पर हुआ विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



स्थानीय झूलेलाल मंदिर परिसर में भारतीय सिंधु सभा एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बेनर तले अमर शहीद हेमूकलाणी की पुण्यतिथि पर विचार एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हरिओम शर्मा दाऊ ने की। मुख्य अतिथि सिन्धी समाज अध्यक्ष रमेश आहूजा रहेम विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार द्वारका बांसुरिया एवं मोहन नेहलानी रहे। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में हरिओम शर्मा दाऊ, विनोद पंसारी, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, गोविंद लोवानिया, जोरावर सिंह ,लक्ष्मण सिंह चौकसे ,अरुण कुमार व्यास, आदित्य हरी गुप्ता, वासुदेव जादवानी, डॉ.विजेंद्र जायसवाल, संतोष हिंदू सनातनी, राहुल ठाकुर, संजय परमार, नवीन सोनी आदि रहे। साथ ही दुष्यंत दसवानी, अनिल नेहलानी,नवीन पेशवानी, आनंद मूलचंदानी, राजा बेलानी, सनी खूबचंदानी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । अंत मे कार्यक्रम का आभार हीरानंद पेशवानी ने व्यक्त किया।

## जेवीएम हायर सेकंडरी स्कूल में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा




नगर स्थित जे.वी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूजा राजपूत (एसआई थाना भैरूंदा) सहित अतिथियों रमा शिशिर, अनिता लखेरा, नवीन बालक स्कूल की प्राचार्या चित्रलेखा, इंदु मालवीय एवं अल्का चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित एवं प्रभावशाली मार्च पास्ट से हुई।

मार्च पास्ट का नेतृत्व हेड गर्ल दिशा मीना एवं हेड बॉय यथार्थ यादव ने किया, जिन्हें स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर विनय केवट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रेड, ग्रीन, येलो एवं ब्लू हाउस के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मार्च पास्ट कर एकता और अनुशासन का परिचय दिया।इसके पश्चात ओलंपिक मशाल प्रज्वलित की गई, जो एकता, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रतीक रही। मुख्य अतिथि पूजा राजपूत ने खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई और उन्हें अनुशासन, निष्पक्षता एवं ईमानदारी से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य आर.एस. शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं विद्यालय संचालक मनोहर पंवार ने चार दिवसीय खेलकूद महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।प्रतियोगिता के प्रथम दिन कबड्डी में ग्रीन हाउस और येलो हाउस के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें येलो हाउस ने रोमांचक जीत दर्ज की। सीनियर गर्ल्स वर्ग में ब्लू हाउस ने ग्रीन हाउस को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक और नैतिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया।

## रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



आगामी फरवरी 2026 में हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर प्रशासन और विठलेश सेवा समिति के द्वारा कुंभ स्तर पर तैयारियां की जा रही हजारों की संख्या में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, इसके अलावा अस्थाई बस स्टेशन, आटो स्टैंड का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा करीब डेढ किलोमीटर कॉरिडोर में श्रद्धालुओं की सुविधा और भव्यता को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग दिशा में पांच भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए है।

वहीं पुलिस प्रशासन ने आगामी दिनों में होने वाले ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। समिति के समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य से भेंट की थी। इस मौके पर मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने-जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पानी, फायर, बिजली, पीए सिस्टम तथा कुबरेश्वर धाम में प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा कर धाम की व्यवस्थाओं को समझा गया। अधिकारियों के साथ कुबरेश्वर धाम का भ्रमण कर पुलिस कन्ट्रोल रूम, पार्किग व्यवस्था स्थल, कथा स्थल, अस्पताल, भोजनशाला, आदि स्थानों का भ्रमण कर अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भव्य कार्यक्रम में वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था के लिए भूमि की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा आस-पास के रिक्त स्थानों पर भी प्रशासन और समाजसेवियों के द्वारा वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे जाम जैसी स्थिति से निजात मिलेगी, इसके अलावा शहर की अन्य कालोनियों सहित अन्य ने भी अपने-अपने सुझाव दिए है।

इसके अलावा अनेक किसानों ने भी अपनी-अपनी फसल महोत्सव से पहले ही काटने का फैसला लिया है। ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में महोत्सव को लेकर आस्था और पूरा उत्साह है। सभी समाज अपनी-अपनी यथा शक्ति पूरा सहयोग देने को तैयार है।

## भागवत कथा में आस्था और उत्साह के साथ भगवान शिव-पार्वती विवाह महोत्सव

# भगवान का ध्यान करने से होती है मन की शुद्धि : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



परमात्मा का ध्यान करने से मन की शुद्धि होती है। भगवान का ध्यान किसी भी समय में हो सकता है, परंतु भगवान की पूजा किसी भी समय में नहीं हो सकती है।

भगवान का ध्यान करने से जीव में ईश्वर के सद्गुण आते हैं। भगवान निर्दोष होने के साथ ही सर्व सदगुण संपन्न है। जो भगवान का ध्यान स्मरण करता है उस जीव में भगवान की शक्ति आती है। उक्त विचार शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कही। उन्होंने कहाकि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है। पंडित श्री उपाध्याय ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की भक्त थी। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए। लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। कथा में सती प्रसंग के अलावा भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह का वर्णन किया गया।

उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गयी प्रार्थना, कभी विफल नहीं होती। सब की पॉवर व्यर्थ हो जाती है। लेकिन प्रार्थना की पॉवर कभी व्यर्थ नहीं होती है। संसार का ध्यान छोड़ दो। सभी पाप संसार का ध्यान करने से होते हैं। ज्ञानीजन संसार में रहते हैं, लेकिन संसार का कभी ध्यान नहीं करते। ज्ञानी-संत हर समय में भगवान का ध्यान करते हैं। भगवान का ध्यान भले ही न करो, पर किसी मानव शरीर का ध्यान कभी नहीं करना चाहिए। शरीर को सुंदर समझना बड़ा अज्ञान है। भगवान का ध्यान करना चाहिए। पाप और पुण्य तत्काल फल नहीं देते हैं। कालांतर में फल देते हैं। पाप-पुण्य का फल भी तत्काल नहीं मिलता है। पाप और पुण्य कालांतर में फल देते है। भगवान की पूजा करें तो उस पूजा का प्रतिफल आज नहीं मिलेगा। यदि भगवान का कोई ध्यान करें तो उसका मन तुरंत शुद्ध हो जाता है।

### एबीवीपी के सांस्कृतिक विंग के कार्यक्रम में शासकीय कर्मचारी की लगाई जा रही ड्यूटीः देवेन्द्र सिंह ठाकुर



**सीहोर।** शासकीय पीजी कालेज सीहोर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सांस्कृतिक विंग राष्ट्रीय कला मंच द्वारा युवा संगम कार्यक्रम कराया गया। लगातार सुर्खियों में बने रहने वाले पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने आज फिर अपनी कलम से सारे नियमों को शून्य करके कॉलेज के शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी राष्ट्रीय कला मंच के कार्यक्रम में लगा दी। जिसे युवा कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों ने गलत बताया ने युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पीजी कॉलेज में जबसे डॉ रोहिताश्व शर्मा प्राचार्य बनकर आए हैं। यह कॉलेज राजनीति का अड्डा बन गया है। उन्होंने कर्मचारियों को तो बीजेपी व उससे जुड़े संगठनों की सेवा में लगा रखा है। छात्र नेता हरिओम सिसोदिया बताया कि कई बार कलेक्टर को भी हम ज्ञापन के माध्यम से इस सम्बंध में अवगत करा चुके है लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। छात्र नेता यश यादव, तनिष त्यागी ने बताया कि राजनीति के दवाब में एक संगठन की सेवा की जा रही ओर दूसरा संगठन यदि छात्रों को बात करता है तो प्राचार्य द्वारा एफआईआर कराई जाती हैं समय रहते यदि यदि माननीय कलेक्टर ने प्राचार्य पर कार्यवाही नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे लाइन के तहत किया जा रहा है ब्रिज का निर्माण

# नेवज नदी पर पूर्णता की ओर 38 पिलर पर खड़ा 1.2 किमी लंबा पुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाईन का काम क्षेत्र में तीव्र गति से चल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फास्ट टेक प्रोजेक्ट में शामिल इस रेल परियोजना के तहत राजगढ़ की जीवनदायिनी नेवज नदी पर बने रहे पश्चिम मध्य रेलवे के सबसे बड़े ब्रिज का निर्माण भी लगभग पूर्णता की ओर है।

1.2 किलोमीटर लंबाई वाले इस ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इसी मार्च-2026 के अंत तक ब्रिज रेलवे के हैंडओवर कर दिया जाएगा जिसके उपरान्त पटरी बिछाने सहित अन्य कार्य आरंभ होंगे। आपको बता दें कि करीब 3 वर्ष पहले इस पुल का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। शुरूआती महीनों में काम अलबत्ता कछुआ गति से रेंग रहा था लेकिन बाद में कंपनी ने कार्य की गति बढ़ाई और यह ब्रिज आगामी दिनों में कम्प्लीट हो जाएगा। पहले पिलर से आखिरी पिलर तक यूं इस ब्रिज की लंबाई 1.2 किमी है लेकिन अगर एप्रोच इत्यादि का जिक्र करें तो ब्रिज की कुल लंबाई 1.45 किमी के लगभग है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस ब्रिज के निर्माण की पूर्णता अवधि अगस्त-2024 निर्धारित की गई थी जो अब जाकर तैयार हुआ है।

### 38 पिलरों पर खड़ा है यह भव्यतम ब्रिज

रेलवे मंत्रालय द्वारा इस विशाल ब्रिज के निर्माण का ठेका कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मेसर्स राही इन्फ्राटेक लिमिटेड कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी ने 38 पिलर पर इस ब्रिज को खड़ा किया है। एक ही पिलर की ऊंचाई भूतल से करीब 40 मीटर के करीब है।

### अन्य स्थानों पर भी बने रहे छोटे-बड़े पुल

करीब 276 किमी लंबाई वाली भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना के तहत इस ब्रिज के साथ ही विभिन्न स्थानों पर करीब 25 छोटे-बड़े अन्य ब्रिजों का निर्माण भी करवाया जा रहा है जिनके निर्माण का ठेका रेलवे ने ब्रिज कन्स्ट्रक्शन से जुड़ी अन्य एजेंसियों को सौंप रखा है। यह पुल न केवल इस परियोजना बल्कि पश्चिम मध्य-रेलवे का भी सबसे बड़ा पुल बताया जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

- **परियोजना का नाम:** भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन
- **ब्रिज की लागत:** 131 करोड़ 11 लाख
- **कौन बना रहा:** मे. राही इन्फ्राटेक लिमिटेड, कोलकाता
- **लंबाई:** 1.2 किमी
- **कितने पिलर हैं:** 38

### इनका कहना है

निर्माण की शुरूआत में काफी चुनौतियां थीं पर हमारी टीम ने इस बड़े प्रोजेक्ट को साकार कर दिखाया है। आगामी दो-तीन महीनों में हम ब्रिज को रेलवे के हैंडओवर कर देंगे।

**- सागर महाराणा, प्रोजेक्ट मेनेजर, राही**

## ब्यावरा के खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की सफाई शुरू

# सीएमओ की निगरानी में एक सप्ताह में कार्य होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सीएमओ नगरपालिका इकरार अहमद की निगरानी में खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की व्यापक सफाई एवं रखरखाव कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार से फिल्टर प्लांट में जमी गंदगी, सिल्ट तथा तकनीकी अवरोधों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि जल शोधन प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। सफाई कार्य के दौरान तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में जल आपूर्ति में गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहे। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। नगरवासियों ने भी इस कार्य का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि फिल्टर प्लांट की नियमित निगरानी और सफाई से पानी की गुणवत्ता में स्थायी सुधार देखने को मिलेगा।

## महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया



नगर के पीलाखाल स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का प्रथम वर्ष का सफल आयोजन किया गया जिसमें राजावत क्लब एवं सुभाष क्लब के बीच या फाइनल खेला गया इसमें सुभाष विद्या निकेतन स्कूल क्लब विजेता रही जबकि राजावत क्लब उपविजेता रही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया यहां उपस्थित छात्रों ने भी फुटबॉल खेल का आनंद लिया कुंवर प्रदीप सिंह परमार एवं समस्त समिति द्वारा संचालित किया गया।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई लखनवास संचालित ऑयल प्लांट किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

तुमडिया गांव बड़ली पर अवैध गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू किया है।

बुधवार को ब्यावरा एसडीएम गोविन्द दुबे के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने तुमडिया गांव बड़ली गिट्टी मशीन के पास स्थित एक पुराने टायर से तेल निकालने वाले वेस्ट ऑयल प्लांट पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार दोजीराम अहिरवार ने अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण के लिए प्लांट पर दस्तक दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने प्लांट मैनेजर से संचालन से संबंधित अनुमति और आवश्यक दस्तावेज मांगे। लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी मैनेजर प्लांट से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

## सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों की पढ़ाई भगवान भरोसे

# 11 बजे ऑनलाइन अटेंडेंस लेकर घर निकल जाते हैं शिक्षक, फिर 4 बजे पहुंचते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर कागजों में सिमट रहा है शिक्षा व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है कुछ विद्यालयों को छोड़ दिया जाय तो विकास खंड के अनेक ऐसे विद्यालय है जिसमें शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, दिखावे के लिए स्कूल आकर नदारत हो जाते जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि कुछ शिक्षक सुबह 11 बजे ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराकर स्कूल से घर निकल जाते हैं और औपचारिकता निभाने के लिए शाम करीब 4 बजे पुनः विद्यालय पहुंच जाते हैं। कुछ शिक्षक तो मीटिंग या जानकारी का बहाना लेकर आते ही नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षक नदारद रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। विद्यालय समय पर कैसे खुलते हैं, इसका भी बड़ा सवाल है इधर कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं मिलते। बच्चे घंटों तक शिक्षकों का इंतजार करते रहते हैं। कई बार पूरा दिन बिना पढ़ाई के ही बच्चों को घर लौटना पड़ता है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों पर ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य निर्भर है, लेकिन जब शिक्षक ही नियमित रूप से स्कूल नहीं आएंगे तो बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा।

### जन शिक्षक भी औपचारिकता निभा रहे हैं

स्कूलों के निरीक्षण करने के लिए जन शिक्षक नियुक्त है लेकिन वो भी औपचारिक निभा कर इति श्री कर रहे हे आवश्यकता है कि शिक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे, शिक्षकों की उपस्थिति की सख्ती से निगरानी हो और दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, तभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। लगातार निर्देश दे रहे हैं।

### इनका कहना है

अगर लापरवाही मिली तो नियमानुसार कार्यवाही होगी।

**सुरेश वीरमाल**, बीईओ सारंगपुर

## एबीवीपी ने युवा दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नरसिंहगढ़ नगर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की। उपस्थित चिकित्सकों ने एबीवीपी की पहल समाजहित में सराहनीय बताया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमन व्यास ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करना है। प्रांत कार्यसमिति सदस्य चिराग शुक्ला ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया।

## कॉलेज के आगे से गुमटी का अतिक्रमण हटाया

**गुना।** स्नातक महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी अवैध गुमटी को नगर पालिका द्वारा बुधवार को जेसीबी की मदद से हटाया गया। दरअसल कॉलेज प्राचार्य द्वारा इस संबंध में एसडीएम को लिखित शिकायत की गई थी कि किसी व्यक्ति द्वारा महाविद्यालय के सामने अवैध रूप से घूमटी रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर एसडीएम द्वारा नगर पालिका अधिकारी को गुमटी हटाने हेतु निर्देशित किया गया था। बुधवार को नगर पालिका अधिकारी कुंभराज द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी गुमटी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। दरअसल गुमटी रखे होने से मेन रोड पर ब्लैक स्पॉट निर्मित हो गया था।

## नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर परिषद कर्मचारी वार्ड प्रभारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के दल बनाए जाकर नगर के वार्ड 1 से 15 तक डोर टू डोर सर्वे कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। नगर परिषद जीरापुर द्वारा किशनगढ़ चैक में वार्ड क्रमांक 1, 2 ,3 के शिविर में आवेदन प्राप्त किए गए इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, राधेश्याम दांगी, ओंकारलाल मंडलोई, कमल भावसार, जितेंद्र तिवारी, कृष्णकांत मुंदड़ा, प्रकाश कुशवाह, मनीष कौशिक, राहुल दांगी , मनोहर दांगी, नीरज मालवीय ,पटवारी जगदीश सिंह चौहान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा गुप्ता, तारा जोनवाल, दीपिका जुलानिया आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर और जिपं सीईओ को भेजा प्रशस्ति-पत्र

**राजगढ़।** गत दिवस जिले के सारंगपुर नगर में वृहद स्तर पर आयोजित हुए युवा संगम (रोजगार मेले) में देश की एक सैकड़ा से अधिक प्रतिष्ठित और जानी मानी कंपनियों ने शिरकत की थी। इन कंपनियों द्वारा जिले के 10 हजारों से अधिक बेरोजगार युवाओं को अपनी फैक्ट्री, कारखानों, दफ्तरों में विभिन्न पदों पर नौकरियां प्रदान की गई। इस युवा संगम में न केवल युवकों बल्कि कई युवतियों और महिलाओं को भी अहम पदों पर रोजगार पाई। राजगढ़ जिले में पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस अलग ही आयोजन में हजारों बेरोजगारों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने में माध्यम बने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने प्रशस्ति-पत्र प्रेषित किया है। आयुक्त शर्मा ने अधिकारीद्धय के नेतृत्व में किए गए प्रयासों को प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में इसी मनोयोग एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपेक्षा की है। उल्लेखनीय है कि इस युवा संगम में कई दिव्यांगजनों को भी विभिन्न पदों पर नौकरियां उपलब्ध करवाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया था।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया षटतिला एकादशी पर्व

# खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु निकली गई विशाल निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को षटतिला एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर सहित आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और आसपास के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे।इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं।

# सीएम राइज के विद्यार्थियों ने किया वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



गुरुवार को सीएम राइज विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों एवं स्वच्छ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान वेदांता हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ. मिहिका त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में सही खानपान, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अस्पताल की विभिन्न इकाइयों, चिकित्सा उपकरणों एवं आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने चिकित्सकीय सेवाओं को नजदीक से देखा और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. त्रिपाठी द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा भविष्य में सही जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा वेदांता हॉस्पिटल प्रबंधन एवं डॉ. मिहिका त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया गया।

## खुजनेर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन समरसता भोज का आयोजन

# सनातन धर्म संस्कृति व मूल्यों की रक्षा करना हम सबका दायित्व: प्रांत प्रचारक





हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर खुजनेर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया इस सम्मेलन में नगर के सकल हिन्दू समाज के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऐतिहासिक व भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया, जिसने पूरे नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक भगवामय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा झिरी वाले मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराने थाने मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुँची शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में घोड़े, हाथी, ऊँट पर सवार वीर योद्धाओं के स्वरूप, छत्रपति शिवाजी महाराज, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, श्रीराम-लक्ष्मण की झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा में भाग लिया सम्मेलन के अवसर पर पूरा नगर बंद रहा नगर के सभी समाज प्रमुख एक मंच पर मौजूद रहे ।

### हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थाई समाधान

विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि हिन्दू समाज की बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए हिन्दू युवाओं को आगे आना होगा समाज में समरसता का भाव जागृत करना होगा तथा पर्यावरण स्वच्छता और संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है । इस अवसर पर बाबा सत्यनारायण मौर्य महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थायी समाधान है जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है, तभी राष्ट्र और संस्कृति सशक्त होती है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य ने सम्मेलन के दौरान अपनी प्रदर्शनी का आयोजन किया।

## खबर संक्षेप

### 26 जनवरी को ग्राम सभा में होगा वाचन

**सीहोर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों को राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरुकता कार्यक्रम' प्रारंभ किया गया है। इसमें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित जानकारियों का वाचन उचित मूल्य दुकान के विक्रेता (पृथक विक्रेता विहीन उचित मूल्य दुकान की ग्राम पंचायतों में समिति प्रबंधक) द्वारा किया जायेगा। ग्राम सभा में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले पात्र परिवार/हितग्राहियों के नाम, पात्र परिवारों को वितरित राशन सामग्री की मांग, ईकेवायसी से शेष प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम और वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से ईकेवायसी न कराने वाले हितग्राहियों के नाम बताये जायेंगे। साथ ही वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से मृत एवं स्थाई रूप से पलायन करने वाले हितग्राहियों का चिन्हांकन भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री अन्न सेवा आगरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों से जुड़े हुए पात्र हितग्राही एवं उनको वितरित खाद्यान्न मात्रा की जानकारी जनसमुदाय को देने के लिए 2 अक्टूबर एवं 26 जनवरी को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं द्वारा पात्र हितग्राहियों एवं वितरित सामग्री का विवरण के वाचन का प्रावधान किया गया है।

### बीमारियों से बचाव हेतु जन-जागरूकता जरूरी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन-जागरूकता कार्य किया जा रहा है। मच्छर जनित बीमारियों में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। यह बीमारी मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। ठंड लगकर बुखार आना मलेरिया का प्रमुख लक्षण हैं। मलेरिया की जांच व दवाइयां सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क प्रदान की जाती है। आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर जांच करवाएं।

### शासकीय हाई स्कूल निपानिया कला में बच्चों को लगाना पड़ रहा झाड़ू

# भविष्य के साथ कर रहे खिलवाड़ः बच्चों के हाथ में कलम की जगह पकडा रहे झाड़ू

स्कूल के बच्चे आए दिन पढ़ाई शुरू करने से पहले करते है साफ-सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शालाओं में बच्चे झाड़ू और सफाई करेंगे तो शिक्षा कैसे ग्रहण करेंगे शिक्षा से मोह भंग होगा। शिक्षा विभाग को लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे करती है। सरकारी शालाओं के बच्चों को बेहतर व्यवस्था और शिक्षा मिल सके इसके लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। आखिर जिम्मेदार क्यों मुख दर्शक बने हुए है।



### शिक्षा पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जाता फिर भी हाल-बेहाल

शिक्षा के मंदिर में बच्चों के हांथ में कलम की जगह झाड़ू होगी तो पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया का सपना कैसे होगा साकार अधूरा रहने की आशंका गहरा जाती है। आष्टा जनपद क्षेत्र की शालाओं में बच्चे झाड़ू लगा रहे है। शिक्षा विभाग को लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे करती है। सरकारी शालाओं के बच्चों को बेहतर व्यवस्था और शिक्षा मिल सके इसके लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। फिर भी हाल बेहाल ?बच्चों को मुफ्त किताबें, ड्रेस, जूते, मोजे, स्वेटर और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है परंतु क्रियान्वयन सही न होनें के बच्चों को आशा के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### शिक्षकों की मौजूदगी में छात्राएं झाड़ू से लेकर साफ-सफाई तक करती हैं

निपानिया कला पंचायत अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल निपानिया में सफाई कर्मी सप्ताह में एक दिन आता है और पियुन नहीं होने से क्या बच्चों को रोजाना पहले झाड़ू, साफ सफाई करते है फिर पढ़ाई करते हैं। ताजा मामला निपानिया कला में संचालित शासकीय हाइ स्कूल निपानिया कला का है, जहां शिक्षको की मौजूदगी में बच्चियां झाड़ू लेकर साफ सफाई कर रहे थे । वहीं शाला में पूछने पर बच्चों ने बताया कि, यह हमारा रोज का काम है। शाला में मौजूद शिक्षक कहते है कि स्वीपर की नियुक्ति न होने से बच्चे ही साफ सफाई करते हैं। एक ओर देखें तो सरकार ने शासकीय शालाओं के लिए करोड़ों रुपए में भवन से लेकर अन्य व्यवस्थाएं दी है, परंतु साफ सफाई के लिए कोई इंतजाम नहीं किए, ऐसे में बाल शिक्षा अधिकार का हनन हो रहा है। शाला में पदस्थ्य प्राचार्य बात की तो उन्होंने बताया कि 103 बच्चे स्कूल में है जिस में आज 68 बच्चे आए है जब सफाई का पूछा तो उनका कहना है कि सप्ताह में एक बार आता सफाई कर्मचारी और पियून नहीं दिया गया इसलिए बच्चों को सफाई करनी पड़ती है।

### स्कूल में नहीं है पियून सप्ताह में एक बार आता है सफाई कर्मचारी



शासकीय हाई स्कूल निपानिया कला के प्राचार्य विष्णु शर्मा से जब पूछा गया तो उनका कहना है कि यहां पर पियूनकी व्यवस्था नहीं है, सप्ताह में एक बार आता है सफाई कर्मचारी, इसलिए बच्चे ही बारी-बारी से अपनी कक्षाओं की और स्कूल में सफाई करते हैं।

### जांच करवाती हूंः सलोनी शर्मा



आष्टा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा से जब इस मामले को लेकर बात की गई तो उनका कहना है कि आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है मैं जांच करवाती हूं। जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे।

# तहसीलदार के खिलाफ सड़कों पर उतरा आक्रोशित हिन्दू समाज

### मंदिर निर्माण में रुकावट करने के आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर का सकल हिंदू समाज लामबंद होकर गुरुवार को सड़को पर उतरा और तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग उठाई। गुरुवार को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती के नेतृत्व शहर के सकल हिंदू समाज ने तहसीलदार रामलाल पगारे के खिलाफ तहसील कार्यकाल पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।

तहसील कार्यकाल पहुंचे सकल हिंदू समाज ने तहसीलदार रामलाल पगारे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अदालत रोड गंज स्थित मालवीय बलाई समाज का वर्षों पुराना श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में मरम्मत/निर्माण कार्य चल रहा हे यह कार्य पिछले 2 महीने से चल रहा है एक जनवरी बुधवार को छत डल रही थी। छत डलने के दोरान लाईट बंद हो गई। जिससे निर्माण में पानी के समस्या हुई।

इस दोरान तहसीलदार रामलाल पगारे द्वारा मंदिर परिसर में निर्माण कार्य रोकने की कोशिश की गई वहाँ पर उपस्थित बलाई मालवीय समाज पंचायत के लोगो से अभद्र व्यवहार किया गया। तथा निर्माण तोड़ने की धमकी दी गई। इस दौरान समाज जनों की मांग है कि तहसीलदार स्पष्ट करें कि वो किसकी शिकायत या निर्देश पर मंदिर परिसर गये थे। तहसीलदार शिकायतकर्ता का नाम उजागर हो या किसने निर्देश दिया था उनका नाम समाज के सामने स्पष्ट करे।यदि बिना किसी शिकायत या बिना किसी के निर्देश के गए हो तो तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही करे ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्थलों पर अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न न करे।

### भजन कीर्तन कर भगवान को सौंपा ज्ञापन

तहसील कार्यालय में एसडीएम नितिन ताले को ज्ञापन सौंपने से पहले सकल हिंदू समाज ने अदालत रोड गंज स्थित मालवीय बलाई समाज के राधा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन किया और भगवान राधा कृष्ण को ज्ञापन सौंप कर प्रशासन की सद्बुद्धि और कार्रवाई के लिए प्रार्थना की। इस दौरान समाज जनों में काफी आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान ज्ञापन में शहर के सकल समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, शीतला माता मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी, राम मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद सोनी, देवकरण मालवीय, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर,गजेंद्र मालवीय, बाबूलाल मालवीय, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पंकज यादव, संजय सोनी, रवि सोनी, मनीष धारवा सहित बड़ी संख्या में सकल समाज के लोग मौजूद रहे। मंदिर मामले में एसडीएम नितिन टाले ने कहा की सकल समाज ने ज्ञापन दिया है और उनको आश्वत किया है की कोई गलत कार्यवाही नहीं होगी, जो भी दोषी होगा न्याय संगत कार्यवाही की जाएगी।



# सीहोर जनपद के गांव में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है।

कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है।



इसी क्रम में यह कृषि रथ यात्रा 22 जनवरी को सीहोर जनपद के ग्राम दोराहा, बिछिया एवं महुआखेड़ी पहुँची। इस अवसर पर दोराहा ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजनांतर्गत स्प्रिंकलर एवं पाइप लाइन के लाभ और उनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कृषि यंत्रों जैसे पावर स्प्रे एवं कुटी मशीन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया।

इस दौरान नरवाई प्रबंधन के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# संस्कृति और संस्कार सरस्वती शिशु मंदिर के मंच पर दिखाई देते हैंः विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम संस्कृति की छांव में नन्हे कदम कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्रीय विधायक एवं राजगढ़ विभाग के सम्माननीय विभाग समन्वयक गुरुचरण गौर एवं भगवती प्रसाद गोयल ओर स्थानीय समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, सचिव बाबूलाल पटेल, कोषाध्यक्ष जयनारायण राठौर, कैलाश सोलंकी एवं समाज के अन्य श्रेष्ठ गणमान्य बंधु भगिनी सम्मिलित हुए और इस कार्यक्रम में 16 कार्यक्रम आयोजित हुए नन्हे मुन्ने भैया बहिनों की मनमोहक प्रस्तुति एवं बड़े भैया बहिनों की सुंदर और आकर्षक प्रस्तुतियां रही इसी बीच में विधायक द्वारा उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु में वास्तव में भैया बहिनों




के अंदर संस्कार और संस्कृति की झलक दिखाई देती है जो अन्य स्थानों पर नहीं दिखाई देती है। साथ ही उन्हें अपने उद्बोधन में इस विद्यालय को 11 लख रुपए देने की घोषणा की और समिति और विद्यालय में उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ गुरुचरण का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने अपने उद्बोधन में भैया बहिनों के लिए प्रेरणादायक बातें सामने रखी गई। आयोजित हुए इस कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त विद्यालय प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी ने किया। इस कार्यक्रम में आचार्य परिवार और अभिभावक बंधु भगिनी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अतरालिया के बगवाई माता मंदिर प्रांगण में बनेगा 5 लाख की लागत से भव्य टीन शेड, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अतरालिया ग्राम के बगवाई माता मंदिर एवं ग्राम में होने वाले सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक ऐसे स्थान की लम्बे समय से कमी खल रही थी जिसे आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पूर्ण की । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को जब इस समस्या से अवगत कराया गया एवं उनसे एक टीन शेड की मांग की गई तब तत्काल विधायक द्वारा ग्रामीण जनों,जनप्रतिनिधियों की मांग पर टीन शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ग्राम अतरालिया पहुचे एवं बगवाई माता मन्दिर प्रांगण में 05 लाख की राशि से बनने वाले टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। निश्चित ही यह टीन शेड ग्रामवासियों के लिए ग्राम में होने वाले सामाजिक,सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिये सुविधा का एक बड़ा केन्द्र बनेगा। भूमिपूजन



कार्यक्रम के साथ विधायक अतरालिया में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में भी शामिल हुए। टीन शेड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र केशव,जयसिंह ठाकुर,डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर,सरपंच जगन्नाथ सिंह,सियाराम बाबा जी,रविन्द्र बाबा साहब सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे । 5 लाख की लागत से बनने वाले टीन शेड की ग्राम को सौगात देने पर ग्रामीणों ने विधायक जी का आभार व्यक्त किया ।

### ब्लॉक कांग्रेस जावर ने ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का किया गठन

# बूथ चलो गांव चलो, मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण योजना ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन,बूथ चलो गांव चलो, एवं मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कजलास में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भाजपा की सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग असली सनातनी हिंदू नहीं है। इंदौर में 24 हिंदुओं की मौत हुई लेकिन आज तक उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं जितने भी भाजपा के नेता है झूठे हैं । भाजपा सरकार मनरेगा योजना को खत्म करने में लगी हुए हैं क्योंकि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का सबसे ज्यादा फायदा किसान एवं मजदूरों को होता है । लेकिन सरकार किसान और मजदूर को खत्म करना चाहती है आर्थिक रूप से कमजोर बनाना चाहती है। सज्जन सिंह वर्मा ने ग्राम पंचायत कजलास की पंचायत कमेटी का गठन भी किया। विशेष अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीजेपी की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। इन्होंने प्रदेश का विकास



नहीं विनाश किया है इसी तारतम्य में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दशरथ सिंह पटेल ने कांग्रेस को एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने की बात कही एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा के नेता जनता को मूर्ख बना रहे हैं।जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का धरातल पर कुछ भी काम नहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार किसान मजदूर और छोटे व्यापारियों को जमीन बेचने के लिए मजबूर कर रही हैं। ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की मजबूती के लिए आह्वान किया युवा कांग्रेस आष्टा विधानसभा अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया की आगामी चुनाव में एकजुट होकर सरकार को हटाना है। अन्य वरिष्ठ नेताओं में महिला कांग्रेस अध्यक्षा गुलाब बाई ठाकुर, शिवकांता बाई, जगदीश चौहान पूर्व जिला पंचायत सदस्य, घनश्याम जांगड़ा, जितेंद्र सिंह शोभा खेड़ी, महेश मुंदीखेड़ी अध्यक्ष ग्रामीण ब्लॉक आष्टा ,संदीप ठाकुर जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, राजकुमार मालवीय, सुनील कटारा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से टीकम चंद महेश्वरी ,भैरू सिंह ठाकर, दिलीप सिंह ठाकुर ,सिद्धू सिंह मालवीय ,सोबाल सिंह ठाकुर ,नारायण सिंह ठाकुर, हरिनारायण सिंह पटेल, युवा नेता आरिफ शाह, पप्पू मंसूरी पार्षद,संजय पाटीदार, भगवान दास महेश्वरी, धीरज सिंह ठाकुर, करण भरेवा, यशवंत सिंह पाटीदार ,हरेंद्र सिंह ठाकुर ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर , हरपाल सिंह ठाकुर ,पवन ठाकुर, सूरज सिंह, चेतन सिंह, योगेन्द्र सिंह ,देवेंद्र ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, मोतीलाल पाटीदार ,महेश, शैलेन्द्रसिंह ,परवत बामनिया, डॉ नागर,अनीष मंसूरी , आबिद हुसैन ,अमीन शाह,कुलदीप बामनिया, लखन, संतोष राठौर, कृपाल सिंह ठाकुर,शाहिद भाई, नौशाद, जय सिंह,दानिश अली और बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।कार्यक्रम का सफल संचालन रामचरण दवारिया ने किया एवं आभार आरिफ शाह एवं महेश ने किया।

# मां पार्वती धाम गौशाला में थाना प्रभारी ने किया गो सेवा का कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकार और धार्मिक भावनाओं के साथ मां पार्वती धाम गौशाला में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से गौ माता की पूजन-अर्चना कर आरती उतारी तथा गौ माताओं को हरी सब्जियां एवं सुदाना पशु आहार खिलाकर गो सेवा की। श्री दुबे ने गौशाला परिसर का निरीक्षण किया और यहां प्रतिदिन 100 से 150 गौ माताओं के गो-ग्रास की व्यवस्था की सराहना की। कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सहभागी बनना चाहिए। इस अवसर पर गौशाला समिति उपाध्यक्ष किरण दीदी, कविता जयसवाल, कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, सचिव सुनील कचनेरिया एडवोकेट, पूर्व पार्षद पंकज यादव, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, सुभाष नामदेव, अनील धनगर, रवि कामरिया, श्री दुबे जी ने विशेष सहयोगी विपिन सिंगी को सहयोग राशि प्रदान कर गौ सेवा में योगदान दिया।